Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 18/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

Section : **General Science**

**Q.1** एक मशीन 250 N के प्रयास के साथ 1500 N का लोड उठाती है। घर्षण के कारण, बाद में उसी लोड को उठाने के लिए 375 N प्रयास की आवश्यकता होती है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ A. लोड में 50% की वृद्धि हुई
✗ B. प्रयास में 50% की कमी हुई
✓ C. प्रयास में 50% की वृद्धि हुई जबकि लोड अपरिवर्तित रहा
✗ D. लोड और प्रयास, दोनों में 50% की वृद्धि हुई

**Q.2** क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFC) द्वारा ओजोन परत का अवक्षय जीवों के लिए खतरनाक क्यों माना जाता है?

Ans
✓ A. यह UV किरणों को वायुमंडल में प्रवेश करने देता है
✗ B. यह वायुमंडलीय ऑक्सीजन के स्तर में वृद्धि का कारण बनता है
✗ C. इससे अवरक्त विकिरण का उत्पादन होता है
✗ D. यह वर्षा में कमी का कारण बनता है

**Q.3** एक यौगिक का आण्विक सूत्र C4H10 है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उसकी संरचना का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans
✗ A. इसमें कार्बन-कार्बन द्वि-आबंध होना अनिवार्य है
✗ B. इसकी संरचना चक्रीय है और इसका केवल एक समावयव है
✓ C. यह सीधी या शाखायुक्त श्रृंखलाओं वाले दो अलग-अलग समावयव के रूप में विद्यमान हो सकता है
✗ D. यह केवल एक संभावित संरचना बनाता है

**Q.4** मनुष्यों में, कार्बोहाइड्रेट का पाचन मुख से शुरू होता है और पाचन पथ के किस भाग में पूर्ण होता है?

Ans
✗ A. बड़ी आंत
✗ B. आमाशय
✗ C. ग्रासनली
✓ D. छोटी आंत

**Q.5** जब कोई कोशिका विभाजित होने की तैयारी करती है, तो क्रोमैटिन पदार्थ स्वयं को __________ में व्यवस्थित कर लेता है।

Ans
✗ A. लाइसोसोम
✓ B. गुणसूत्रों
✗ C. प्रोटीनों
✗ D. केंद्रकीय छिद्रों

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

*Test. Analyze. Improve. Repeat.*

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime – built only for mock tests.

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed
Rating
Editors' choice
New
Mocks for Every Exam
Test. Analyze. Improve. Repeat.
All India Rankings

| 1,50,000+ | 25,000+ | 800+ | 500% |
|---|---|---|---|
| Mock Tests | Previous Year Papers | Exam Covered | Refund on Selection |

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Top Alerts** Stay Updated

## WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas
- All India Rankings

Safe & Reliable

Trusted by Lakhs of Aspirants

Your Success, Our Mission

## DOWNLOAD TEST PRIME

*Your Success Partner!*

GET IT ON Google Play

Download on the App Store


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Shreya, SBI PO
Sahil, SBI PO
Srijita, SBI PO
Vikram, IBPS PO
Neeti, IBPS PO
Arya, IBPS PO
Hasan, SSC CGL
Palak, SSC CGL
Priti, UP TGT
Aniket, Bihar Stet
Shaurya, NTPC
Sarita, CTET
Gourav, NTPC
Sanni, NTPC
Abhishek, CTET
Sapna, IBPS Clerk
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Q.6 एक शोधकर्ता मूल जड़ों, तनों और पत्तियों वाले पादपों की खेती करने का प्रयास करता है, लेकिन पाता है कि पुनरूत्पादन केवल जल की उपस्थिति में ही होता है। कौन-सी विशेषता इन पादपों के वितरण को सीमित करती है?

Ans
- ✗ A. फलों में संकोशित बीज
- ✓ B. जल-निर्भर पुनरूत्पादन
- ✗ C. वास्तविक मूलों की अनुपस्थिति
- ✗ D. संवहनी ऊतक का अभाव

Q.7 जब किसी अधात्विक ऑक्साइड को क्षारक के माध्यम से बुद्बुद् (bubbled) किया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सामान्य परिवर्तन प्रेक्षित होता है?

Ans
- ✗ A. विलयन का रंग चमकीला लाल हो जाता है
- ✓ B. विलयन की क्षारीयता में कमी होती है
- ✗ C. विलयन का तापमान तेजी से गिरता है
- ✗ D. अभिक्रिया के दौरान एक गैस तेजी से मुक्त होती है

Q.8 निम्नलिखित में से कौन-सा, ग्लूकोज के विघटन के दौरान बनने वाला तीन कार्बन अणु है?

Ans
- ✓ A. पाइरूवेट अणु का निर्माण
- ✗ B. ग्लूकोज-6-फॉस्फेट का निर्माण
- ✗ C. ऐसीटिल-co-A अणु का निर्माण
- ✗ D. फ्रक्टोज-6-फॉस्फेट का निर्माण

Q.9 एक कंपमान स्वरित्र द्विभुज (tuning fork) को जल से स्पर्श कराने पर जल में ऊर्मिकाएं (ripples) क्यों उत्पन्न होती हैं?

Ans
- ✗ A. जल बिना कंपन के ऊर्मिकाएं बनाता है
- ✗ B. स्वरित्र जल को ऊष्मित करता है और ऊर्मिकाएं बनाता है
- ✓ C. स्वरित्र के कंपन ऊर्जा स्थानांतरित करते हैं, जिससे जल गतिमान होता है
- ✗ D. स्वरित्र ध्वनि उत्पन्न करता है परंतु जल को गतिमान नहीं करता है

Q.10 निम्नलिखित में से कौन-सा एक शुद्ध पदार्थ है?

Ans
- ✗ A. केवल मिश्रण
- ✗ B. केवल तत्व
- ✗ C. केवल यौगिक
- ✓ D. यौगिक और तत्व दोनों

Q.11 कोई नीति निर्माता भारत में बड़े-पैमाने पर सौर ऊर्जा के परिनियोजन का मूल्यांकन कर रहा है। किस ऐतिहासिक योगदान ने सौर इन्सुलेशन मैपिंग के लिए मूलभूत डेटा प्रदान किया था?

Ans
- ✗ A. NASA सैटेलाइट डेटा संग्रह (NASA satellite data collection)
- ✗ B. सरकारी मौसम पूर्वानुमान (Government weather forecasts)
- ✓ C. अन्ना मणि का सौर विकिरण मापन (Anna Mani's solar radiation measurements)
- ✗ D. विश्वविद्यालय जलवायु मॉडल (University climate models)

Q.12 एक प्रयोगशाला में, कोई विद्यार्थी किसी नए पदार्थ के लिए ओम के नियम को सत्यापित करना चाहता है। कौन-सा प्रायोगिक दृष्टिकोण सबसे परिशुद्ध रूप से यह निर्धारित करेगा कि पदार्थ, ओम के नियम का पालन करता है या नहीं?

Ans
- ✓ A. कई अनुप्रयुक्त वोल्टताओं के लिए धारा को मापें और वोल्टता बनाम धारा का ग्राफ बनाएं
- ✗ B. एक वोल्टता पर प्रतिरोध को मापें और सारणीबद्ध मान से तुलना करें
- ✗ C. एक एकल अनुप्रयुक्त वोल्टता पर उत्पन्न ऊष्मा का अवलोकन करें
- ✗ D. निश्चित धारा के लिए वोल्टता की गणना करें

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.13** एक विद्यार्थी 220 m दूर स्थित एक इमारत की ओर मुख करके चिल्लाता है। यदि ध्वनि की चाल 330 m/s है, तो चिल्लाने के कितने समय बाद प्रतिध्वनि सुनाई देगी?

**Ans**
- ✔ A. 1.33 s
- ✘ B. 0.67 s
- ✘ C. 2.20 s
- ✘ D. 0.44 s

**Q.14** एक डिवाइस 1 घंटे के लिए 1 किलोवाट (kW) शक्ति का उपयोग करती है। यह कितनी ऊर्जा की खपत करती है?

**Ans**
- ✔ A. 1 किलोवाट घंटा (kWh)
- ✘ B. 1 जूल (J)
- ✘ C. 1 किलोवाट (kW)
- ✘ D. 1 वाट घंटा (Wh)

**Q.15** आयु में वृद्धि होने के साथ-साथ, मानव नेत्र की समंजन क्षमता घट जाती है, जिससे आस-पास की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देखने में कठिनाई होती है। इस दोष को ________ के रूप में जाना जाता है।

**Ans**
- ✘ A. निकट-दृष्टि दोष (Myopia)
- ✔ B. जरा-दूरदृष्टिता (Presbyopia)
- ✘ C. दीर्घ-दृष्टि दोष (Hypermetropia)
- ✘ D. अबिंदुकता (Astigmatism)

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम, किसी धातु के अयस्क से शुद्ध धातु प्राप्त करने के चरणों का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

**Ans**
- ✘ A. अयस्क को पिघलाया जाता है, फिर धातु को निष्कर्षित किया जाता है और अंततः समृद्धिकरण किया जाता है
- ✔ B. अयस्क का समृद्धिकरण किया जाता है, फिर धातु को निष्कर्षित किया जाता है और अंततः शोधन किया जाता है
- ✘ C. धातु को निष्कर्षित किया जाता है, फिर अयस्क का समृद्धिकरण किया जाता है और अंततः शोधन किया जाता है
- ✘ D. अयस्क का शोधन किया जाता है, फिर धातु को निष्कर्षित किया जाता है और अंततः समृद्धिकरण किया जाता है

**Q.17** एक विद्यार्थी लेड धातु को आयरन(II) सल्फेट के विलयन में मिलाता है और किसी दृश्यमान परिवर्तन का अवलोकन नहीं करता है। कौन-सा कथन इस अवलोकन की सर्वोत्तम व्याख्या करता है?

**Ans**
- ✘ A. लेड, आयरन(II) सल्फेट के साथ प्रबलता से अभिक्रिया करता है और एक नया यौगिक बनाता है
- ✔ B. लेड, आयरन से कम अभिक्रियाशील है और उसे उसके यौगिक से विस्थापित नहीं कर सकता है
- ✘ C. अभिक्रिया उत्क्रमणीय है, इसलिए कोई नेट परिवर्तन अवलोकित नहीं किया जाता है
- ✘ D. लेड, आयरन से अधिक अभिक्रियाशील है और उसे विलयन से विस्थापित कर देता है

**Q.18** हीरा और ग्रेफाइट जैसे कार्बन-अपररूपों के दहन से ______ उत्पन्न होता है।

**Ans**
- ✘ A. केवल कार्बन डाइऑक्साइड
- ✘ B. केवल कार्बन डाइऑक्साइड और प्रकाश
- ✔ C. कार्बन डाइऑक्साइड, ऊष्मा और प्रकाश
- ✘ D. केवल कार्बन डाइऑक्साइड और ऊष्मा

**Q.19** बोहर के परमाणु मॉडल (Bohr's Atomic Model) के अनुसार, नाभिक के सबसे निकट की कक्षा को क्या कहा जाता है?

**Ans**
- ✔ A. K-कोश
- ✘ B. M-कोश
- ✘ C. N-कोश
- ✘ D. L-कोश

Q.20 एक साइकिल सवार पहले 10 मिनट में 2 km और अगले 10 मिनट में 3 km की दूरी तय करता है। यह किस प्रकार की चाल है?

Ans
- ✗ A. आवर्ती गति
- ✗ B. एकसमान गति
- ✓ C. असमान गति
- ✗ D. वृत्तीय गति

Q.21 यदि ओजोन परत पतली हो जाए, तो पृथ्वी पर निम्नलिखित में से क्या हो सकता है?

Ans
- ✗ A. ऑक्सीजन स्तर में कमी
- ✓ B. पृथ्वी तक पहुंचने वाले पराबैंगनी विकिरण में वृद्धि
- ✗ C. पौधों तक पहुंचने वाले सूर्य के प्रकाश में कमी
- ✗ D. केवल पृथ्वी के वायुमंडल का ठंडा होना

Q.22 एक खिलौना ट्रेन किसी वृत्ताकार ट्रैक पर स्थिर चाल से चलती है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उसकी चाल का सही वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. ट्रेन वृत्ताकार ट्रैक पर बढ़ती हुई चाल से चलती है।
- ✗ B. ट्रेन विरामावस्था में रहती है क्योंकि उसकी चाल में कोई परिवर्तन नहीं होती है।
- ✗ C. ट्रेन एक सीधी रेखा में नियत चाल से चलती है।
- ✓ D. ट्रेन नियत चाल से चलते हुए निरंतर रूप से दिशा बदलती है।

Q.23 जब एक टॉर्च चालू की जाती है, तो ऊर्जा में क्या परिवर्तन होता है?

Ans
- ✗ A. रासायनिक ऊर्जा, ध्वनि ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है
- ✓ B. रासायनिक ऊर्जा, प्रकाश ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है
- ✗ C. प्रकाश ऊर्जा, ध्वनि ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है
- ✗ D. प्रकाश ऊर्जा, रासायनिक ऊर्जा में परिवर्तित हो जाती है

Q.24 किसी परमाणु के समग्र आवेश में इलेक्ट्रॉनों की क्या भूमिका होती है?

Ans
- ✗ A. वे परमाणु के सार्थक द्रव्यमान में वृद्धि करते हैं।
- ✗ B. वे परमाणु को धनावेशित बनाते हैं।
- ✓ C. वे प्रोटॉनों के धनावेश को संतुलित करके परमाणुओं को उदासीन बनाते हैं।
- ✗ D. वे न्यूट्रॉनों के साथ नाभिक के अंदर उपस्थित होते हैं।

Q.25 अभ्यास के दौरान एक फुटबॉल खिलाड़ी की पेशियों को अस्थियों से जोड़ने वाली संरचना फट जाती है। किस संरचना के क्षतिग्रस्त होने की सर्वाधिक संभावना है?

Ans
- ✗ A. स्नायु (Ligament)
- ✗ B. तंत्रिका (Nerve)
- ✓ C. कंडरा (Tendon)
- ✗ D. उपास्थि (Cartilage)

Section : **Mathematics**

Q.26 6, 9 और 15 का चतुर्थानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 21.5
- ✗ B. 18.5
- ✓ C. 22.5
- ✗ D. 25.5

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.27** ₹10,124 की राशि पर 25% वार्षिक दर से 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा, यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है?

**Ans**
- ✗ A. ₹5,994.75
- ✗ B. ₹5,894.75
- ✓ C. ₹5,694.75
- ✗ D. ₹5,794.75

**Q.28** यदि निम्नलिखित बंटन का माध्य 53 है, तो (2x + 7y) का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 7 | 11 | x | 8 | y | 60 |

**Ans**
- ✓ A. 133
- ✗ B. 151
- ✗ C. 127
- ✗ D. 137

**Q.29** $2 \div \frac{4}{5} \times (5+8\times 2-4)+\left[\frac{1}{5} \div \frac{7}{25}-\left\{\frac{3}{7}+\frac{16}{28}\right\}\right]$ को सरल कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\frac{59}{28}$
- ✓ B. $\frac{591}{14}$
- ✗ C. $\frac{59}{14}$
- ✗ D. $\frac{589}{14}$

**Q.30** एक त्रिभुज जिसकी भुजाएँ 16 cm, 24 cm और 32 cm हैं, के मध्यबिंदुओं को मिलाकर एक अन्य त्रिभुज बनाया गया है।
इन मध्यबिंदुओं द्वारा निर्मित त्रिभुज का क्षेत्रफल (cm² में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. $12\sqrt{15}$
- ✗ B. $10\sqrt{11}$
- ✗ C. $12\sqrt{5}$
- ✗ D. $9\sqrt{7}$

**Q.31** एक कक्षा में लड़कों और लड़कियों का अनुपात 3:2 है। एक परीक्षा में, लड़कों के औसत अंक 70 और लड़कियों के औसत अंक 80 हैं। पूरी कक्षा के औसत अंक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 72
- ✗ B. 75
- ✗ C. 76
- ✓ D. 74

**Q.32** एक दुकान में किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹1,375 है। दुकान की स्कीम के अनुसार दो एक जैसी वस्तुएं खरीदने पर, ग्राहक को पहली वस्तु पर 20% और दूसरी वस्तु पर 40% की छूट मिलेगी। यदि कोई ग्राहक दो वस्तुएं खरीदता है, तो कुल बिल पर प्रभावी प्रतिशत छूट ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 30%
- ✗ B. 24%
- ✗ C. 25%
- ✗ D. 27%

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.33 प्रिया अपनी आय का 27% मकान के किराए पर, 22% किराने के सामान पर और 18% शिक्षा पर खर्च करती है। यदि वह प्रति माह ₹12,400 की बचत करती है, तो उसकी मासिक आय (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) कितनी है?

Ans
- ✗ A. ₹37,216
- ✗ B. ₹37,446
- ✗ C. ₹37,356
- ✓ D. ₹37,576

Q.34 12 cm, 10 cm और 14 cm की भुजाओं वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $24\sqrt{6}\ \text{cm}^2$
- ✗ B. $28\ \text{cm}^2$
- ✗ C. $28\sqrt{2}\ \text{cm}^2$
- ✗ D. $24\ \text{cm}^2$

Q.35 एक विक्रेता 27 नींबू ₹1 में खरीदता है। उसे 80% लाभ प्राप्त करने के लिए किस दर (₹1 में नींबू की संख्या) पर नींबू बेचने चाहिए?

Ans
- ✓ A. 15
- ✗ B. 19
- ✗ C. 16
- ✗ D. 17

Q.36 निर्मल का मासिक वेतन ₹15,000 है। वह प्रत्येक माह घर के किराए पर ₹6,000 और यूटिलिटी बिलों पर ₹1,500 का व्यय करता है तथा शेष राशि की बचत करता है। यदि, अपने जन्मदिवस वाले महीने के दौरान, वह अपनी संपूर्ण मासिक बचत अपने जन्मदिवस के उत्सव पर व्यय कर देता है, तो वर्ष के लिए उसकी कुल बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 90,000
- ✗ B. 67,500
- ✓ C. 82,500
- ✗ D. 75,000

Q.37 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए:


$$\sqrt{9+4\sqrt{5}}$$

Ans
- ✗ A. $5+\sqrt{2}$
- ✗ B. $1+2\sqrt{5}$
- ✓ C. $2+\sqrt{5}$
- ✗ D. $3+\sqrt{5}$

Q.38 यदि (a + b):(b + c):(c + a) = 4:6:10 और a + b + c = 40 है, तो a का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 8
- ✗ B. 18
- ✗ C. 22
- ✓ D. 16

Q.39 एक पार्टी में, कुल 150 kg फलों से फ्रूट चाट बनाई जाती है। विभिन्न प्रकार के फलों का वितरण दिए गए ग्राफ में दर्शाया गया है।




फ्रूट चाट में प्रयुक्त केले की मात्रा, प्रयुक्त सेब की मात्रा से कितने प्रतिशत अधिक है?

Ans
- ✔ A. 20%
- ✗ B. 25%
- ✗ C. 22%
- ✗ D. 30%

Q.40 एक विनिर्माण संयंत्र में 3,000 श्रमिक कार्यरत हैं, जिनकी प्रति घंटा मजदूरी अलग-अलग है। उनकी मजदूरी का वितरण नीचे दिया गया है।

| मजदूरी सीमा (₹ प्रति घंटे) | श्रमिकों की संख्या |
|---|---|
| 3.00 से कम | 150 |
| 3.01 – 4.50 | 580 |
| 4.51 – 6.00 | 900 |
| 6.01 – 7.50 | 500 |
| 7.51 – 9.00 | 600 |
| 9.00 से अधिक | 270 |
| **कुल** | **3,000** |

ऊपर दिए गए आंकड़ों का उपयोग करके, कर्मचारियों की प्रति घंटा मजदूरी की माध्यिका ज्ञात कीजिए। (उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✗ A. ₹4.74
- ✔ B. ₹5.79
- ✗ C. ₹6.23
- ✗ D. ₹5.98

Q.41 दो बैंकों, A और B ने क्रमशः 3.5% और 8.5% वार्षिक ब्याज दर पर ऋण प्रदान किए। अतुल ने प्रत्येक बैंक से ₹4,80,000 की धनराशि का ऋण लिया। 2 वर्ष के पश्चात अतुल द्वारा दोनों बैंकों को चुकाए गए साधारण ब्याज की धनराशियों के बीच का धनात्मक अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 48,000
- ✗ B. 49,000
- ✗ C. 49,500
- ✗ D. 47,500

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.42** यदि $A = 7.5°$ है, तो $\frac{32\sqrt{3}\sin 8A + 28\sec 8A}{13\sqrt{3}\operatorname{cosec} 6A}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\frac{5\sqrt{6}}{3}$
- ✓ B. $\frac{4\sqrt{6}}{3}$
- ✗ C. $\frac{2\sqrt{6}}{3}$
- ✗ D. $\frac{3\sqrt{6}}{5}$

**Q.43** 15 cm आंतरिक त्रिज्या वाला एक अर्धगोलाकार कटोरा किसी द्रव से भरा हुआ है। इस द्रव को 5 cm व्यास और 6 cm ऊँचाई वाले बेलनाकार बोतलों में भरा जाना है। कटोरे को पूर्ण रूप से खाली करने के लिए कितनी बोतलों की आवश्यकता होगी?

**Ans**
- ✓ A. 60
- ✗ B. 55
- ✗ C. 58
- ✗ D. 64

**Q.44** समान लंबाई की दो ट्रेनें एक खंभे को क्रमशः 12 सेकंड और 18 सेकंड में पार करती हैं। यदि वे समान दिशा में चलती हैं, तो तेज चाल वाली ट्रेन द्वारा पीछे से आकर दूसरी ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 75 सेकंड
- ✗ B. 60 सेकंड
- ✓ C. 72 सेकंड
- ✗ D. 66 सेकंड

**Q.45** यदि माता की आयु का 2 गुना, उसकी पुत्री की आयु के 7 गुने से 28 वर्ष अधिक है, और पुत्री की आयु का 5 गुना, माता की आयु से 5 वर्ष कम है, तो माता और पुत्री की आयु में कितना अंतर (वर्षों में) है?

**Ans**
- ✗ A. 25
- ✗ B. 33
- ✗ C. 34
- ✓ D. 29

**Q.46** दो पाइप A और B एक टंकी को क्रमशः 20 घंटे और 30 घंटे में भर सकते हैं, जबकि पाइप C टंकी को 60 घंटे में खाली कर सकता है। शुरुआत में तीनों नल खोल दिए जाते हैं। टंकी भरने से 10 घंटे पहले, पाइप C को बंद कर दिया जाता है। टंकी को भरने में कुल कितना समय (घंटे में) लगेगा?

**Ans**
- ✗ A. $10\frac{1}{4}$
- ✗ B. $12\frac{1}{4}$
- ✓ C. $12\frac{1}{2}$
- ✗ D. $10\frac{1}{2}$

**Q.47** यदि $A = \frac{\cos\theta + 1 + \sin\theta}{2\sin\theta}$ है, तो $\frac{\cos\theta}{\sin\theta + 1 - \cos\theta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. $A - 1$
- ✗ B. $1 - A^2$
- ✗ C. $1 + A$
- ✗ D. $1 + \frac{1}{A}$

**Q.48** निम्नलिखित व्यंजक को सरल कीजिए:

$$12 - 3 \times 2 + \frac{8}{2}$$

**Ans**
- ✗ A. 8
- ✗ B. 12
- ✗ C. 14
- ✓ D. 10

**Q.49** एक कार, किसी दूरी का पहला $\frac{1}{3}$ भाग 42 km/hr की चाल से, अगला $\frac{1}{2}$ भाग 60 km/hr की चाल से तथा शेष दूरी 72 km/hr की चाल से तय करती है। संपूर्ण यात्रा के लिए कार की औसत चाल (km/hr में) लगभग कितनी होगी?

**Ans**
- ✗ A. 58
- ✗ B. 48.6
- ✗ C. 56
- ✓ D. 53.8

**Q.50** यदि ब्याज की गणना वार्षिक चक्रवृद्धि आधार पर होती है, तो कोई धनराशि कितने प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्ष में स्वंय की 20 गुनी हो जाएगी? (अपना उत्तर एक दशमलव स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

**Ans**
- ✗ A. 340.3
- ✗ B. 353.1
- ✗ C. 345.6
- ✓ D. 347.2

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.51** सात मित्र, B, C, D, T, U, V और W, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T, C के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। U के बाईं ओर से गिनने पर U और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B, V के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है। V और D का निकटतम पड़ोसी W है। W के बाईं ओर से गिनने पर T और W के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✓ A. चार
- ✗ B. एक
- ✗ C. दो
- ✗ D. तीन

**Q.52** शब्द "CONTACT" के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में पिछले अक्षर से बदल दिया जाता है और इस प्रकार प्राप्त अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। अक्षरों की नई व्यवस्था में बाएं से तीसरे स्थान पर कौन-सा अक्षर होगा?

**Ans**
- ✗ A. Z
- ✓ B. M
- ✗ C. N
- ✗ D. S

**Q.53** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
OEU QHT SKS UNR ?

**Ans**
- ✓ A. WQQ
- ✗ B. ZXE
- ✗ C. QEW
- ✗ D. RES

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.54 | यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।<br><br>GUT FUN PAN OWL<br><br>दाएँ से पहले शब्द के दूसरे अक्षर और बाएँ से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं? |
| Ans | ✗ A. 0<br>✗ B. 4<br>✓ C. 1<br>✗ D. 2 |

| | |
|---|---|
| Q.55 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A ! B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'<br>A = B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'<br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'R = I + G ÷ H ! T' हो, तो R का T से क्या संबंध है? |
| Ans | ✓ A. पत्नी की बहन<br>✗ B. पत्नी के पिता<br>✗ C. पत्नी का भाई<br>✗ D. पत्नी की माता |

| | |
|---|---|
| Q.56 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ A. YD – RJ<br>✓ B. ZF – SK<br>✗ C. LQ – EW<br>✗ D. OT – HZ |

| | |
|---|---|
| Q.57 | उत्तर की ओर अभिमुख 131 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, Lkj बाएं छोर से 79वें स्थान पर है। यदि Ihg, Lkj के दाएं 9वें स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएं छोर से Ihg का स्थान क्या है? |
| Ans | ✗ A. 43वां<br>✗ B. 45वां<br>✗ C. 42वां<br>✓ D. 44वां |

| | |
|---|---|
| Q.58 | किसी निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',<br>A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और<br>A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br>यदि 'S – A + E % R @ N' है, तो उपरोक्त के आधार पर, S का N से क्या संबंध है? |
| Ans | ✗ A. भाई<br>✗ B. पिता<br>✓ C. पत्नी का भाई<br>✗ D. पत्नी का पिता |

Adda247

Q.59 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट - दो/तीन अंकीय संख्या को संक्रियाओं के लिए उनके घटक अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो यह संक्रिया 3+7 नहीं की हो सकती, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
120 - 240 - 480;
180 - 360 - 720

Ans
- ✗ A. 240 - 480 - 840
- ✓ B. 125 - 250 - 500
- ✗ C. 175 - 350 - 600
- ✗ D. 220 - 440 - 640

Q.60 निम्नलिखित प्रश्न में, प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह ज्ञात करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों का अध्ययन करें और उचित उत्तर का चयन करें।
पांच वृक्षों, N, O, R, S और T में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, तो कौन-सा वृक्ष सबसे छोटा है?
(I) O, S से छोटा है और T, O से छोटा है। S केवल दो वृक्षों से लंबा है।
(II) N, R से लंबा है।

Ans
- ✗ A. कथन I और II दोनों एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
- ✗ B. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
- ✗ C. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✓ D. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

Q.61 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) Q G M A R T U N Z E D O H S V (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. चार
- ✗ C. एक
- ✗ D. एक भी नहीं

Adda247

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans
- ✗ A. BDF
- ✗ B. NPR
- ✓ C. RTW
- ✗ D. HJL

Q.63 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
D और G के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। F के ऊपर केवल C को रखा गया है। G के नीचे कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। B को E के नीचे किसी स्थान पर लेकिन A के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
B के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 3
- ✗ C. 5
- ✓ D. 4

Q.64 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

14 C 30 A 3 D 3 B 5 = ?

Ans
A. 6
B. 7
✔ C. 9
D. 8

Q.65 मनोज अपनी कक्षा में शीर्ष से 34वें स्थान पर है और नीचे से 15वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✔ A. 48
B. 49
C. 47
D. 46

Q.66 यदि संख्या 334687935925 के प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए और प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार निर्मित नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
✔ A. 5
B. 4
C. 6
D. 3

Q.67 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 72 का संबंध 430 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 55 का संबंध 328 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 63 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना, आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
A. 328
✔ B. 376
C. 349
D. 363

Q.68 निम्नांकित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएँ) G K } A ? L > & E $ E ¥ I ÷ I ! J @ U + ¥ E % S = T % (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी स्वर हटा दिए जाते हैं, तो बाएँ से पाँचवें स्थान पर निम्नलिखित में से क्या होगा?

Ans
A. @
✔ B. L
C. J
D. ?

Adda247

Q.69 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी बिन, कैन हैं। सभी प्लास्टिक, कैन हैं।
निष्कर्ष:
(I) कुछ बिन, प्लास्टिक हैं।
(II) कुछ कैन, प्लास्टिक हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.70 श्री तोसी बिंदु A से प्रारंभ करके पूर्व की ओर 17 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़कर 19 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़कर 27 km ड्राइव करते हैं। इसके बाद वे फिर बाएं मुड़कर 20 km ड्राइव करते हैं। अंत में वे बाएं मुड़कर, 10 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 5 km पश्चिम की ओर
- ✗ B. 3 km दक्षिण की ओर
- ✓ C. 1 km उत्तर की ओर
- ✗ D. 7 km उत्तर की ओर

Q.71 यदि 'M' का अर्थ '×' है और 'N' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 M 5 N 8 = ?

Ans
- ✗ A. 50
- ✓ B. 52
- ✗ C. 54
- ✗ D. 56

Q.72 दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
415 454 506 571 649 ?

Ans
- ✓ A. 740
- ✗ B. 743
- ✗ C. 765
- ✗ D. 786

Q.73 एक निश्चित कूट भाषा में, 'leave the room' को 'lw rt bu' के रूप में और 'please leave now' को 'bu px cp' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'leave' को किस रूप में कूटबद्ध किया गया है? (सभी कूट दो अक्षरों वाले कूट हैं)

Ans
- ✓ A. bu
- ✗ B. lw
- ✗ C. rt
- ✗ D. px

Adda247

Q.74 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है:
ROW, FIN, SAD, MUD.
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके अगले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को उसके पिछले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है।
तो परिणामी अक्षर-समूहों में से कितने में, कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

Q.75 यदि शब्द EDUCATIONAL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. एक भी नहीं
- ✗ D. दो

Q.76 निम्नलिखित अंकों की श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) 1 4 2 9 6 3 5 8 2 7 5 1 4 6 8 3 7 2 5 9 4 6 1 7 3 2 8 (दाएं)
ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग और ठीक बाद एक विषम अंक है?
(नोटः 1 भी एक पूर्ण वर्ग है) (गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है)

Ans
- ✗ A. तीन से अधिक
- ✗ B. एक
- ✓ C. तीन
- ✗ D. दो

Q.77 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के बाएं से गिनने पर, E और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। A, E के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। D, G के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। C, B के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। F के बाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. C
- ✗ B. E
- ✓ C. B
- ✗ D. G

Q.78 निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले अक्षर-समूह से संबंधित है। उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।
JOIN - OJNI - JINO
VERB - EVBR - VRBE

Ans
- ✗ A. FLAG - LFAG - AFLG
- ✗ B. ZONE - NEZO - OZNE
- ✗ C. GOLD - DGOL - DLOG
- ✓ D. CITY - ICYT - CTYI

Q.79 एक निश्चित तरीके से, UK 12 का संबंध YO 16 से है। उसी तरीके से, LS 22 का संबंध PW 26 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, MC 32 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. VL 16
- ✓ B. QG 36
- ✗ C. PF 36
- ✗ D. OD 26

**Q.80** एक निश्चित प्रकार से UF 21 का संबंध VC 14 से है। उसी प्रकार, VN 18 का संबंध WK 11 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LJ 16 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. LG 11
- ✗ B. MF 11
- ✓ C. MG 9
- ✗ D. LF 9

Section : **General Awareness and Current Affairs**

**Q.81** फरवरी 2026 में, नवीकरणीय ऊर्जा पर एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय नीति का शुभारंभ किया गया था। राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन की रूपरेखा का प्रारूप तैयार करने और उसे जारी करने के लिए मुख्य रूप से कौन-सा संगठन उत्तरदायी था?

Ans
- ✗ A. कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
- ✗ B. जैवप्रौद्योगिकी विभाग
- ✗ C. गृह मंत्रालय
- ✓ D. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

**Q.82** मई 2026 में फेडरेशन कप में पुरुषों की 100m स्प्रिंट में 10.15 सेकंड का समय निकालकर, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए निर्धारित मानक से बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले पहले एथलीट कौन बने?

Ans
- ✓ A. अनिमेश कुजूर (Animesh Kujur)
- ✗ B. मणिकांत होबलीधर (Manikanta Hoblidhar)
- ✗ C. अमलान बोरगोहेन (Amlan Borgohain)
- ✗ D. गुरिंदरवीर सिंह (Gurindervir Singh)

**Q.83** 2026 के मिलानो कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक में, किस देश ने एक ही शीतकालीन खेलों में स्वर्ण और कुल पदकों का रिकॉर्ड तोड़कर अंतिम पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया?

Ans
- ✓ A. नॉर्वे
- ✗ B. संयुक्त राज्य अमेरिका
- ✗ C. कनाडा
- ✗ D. जर्मनी

**Q.84** जनवरी 2026 में रक्षा मंत्री द्वारा गोवा में भारतीय तटरक्षक बल के प्रथम स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित प्रदूषण नियंत्रण पोत के रूप में किस पोत को कमीशन किया गया था?

Ans
- ✗ A. समुद्र शक्ति
- ✗ B. समुद्र रक्षक
- ✗ C. विक्रम सुरक्षा
- ✓ D. समुद्र प्रताप

**Q.85** VB-G RAM G अधिनियम, 2025 के माध्यम से भारत के ग्रामीण रोजगार ढांचे में क्या प्रमुख परिवर्तन किया गया, जिसने पूर्ववर्ती MGNREGA प्रणाली को प्रतिस्थापित किया?

Ans
- ✓ A. MGNREGA का VB-G RAM G ग्रामीण रोजगार ढांचे से प्रतिस्थापन
- ✗ B. MGNREGA के अंतर्गत कार्य गारंटी का प्रति वर्ष 100 दिन से बढ़ाकर 150 दिन तक विस्तार
- ✗ C. ग्रामीण रोजगार प्रशासन का केवल ग्राम पंचायतों को अंतरण
- ✗ D. ग्रामीण रोजगार योजनाओं का शहरी आजीविका मिशनों में विलय

**Q.86** अप्रैल 2026 में संपन्न खेलो इंडिया जनजातीय खेल (KITG) के पहले संस्करण में किस राज्य ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया?

Ans
- ✗ A. उत्तर प्रदेश
- ✗ B. हरियाणा
- ✓ C. कर्नाटक
- ✗ D. हिमाचल प्रदेश

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.87 आवारा कुत्तों के प्रबंधन पर भारत के सुप्रीम कोर्ट के 2026 के निर्णय के अनुसार, पशु कल्याण और सार्वजनिक सुरक्षा के बीच संघर्ष की स्थिति में किसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए?

Ans
- ✗ A. आवारा पशुओं के प्रबंधन की जिम्मेदारियों से नगरपालिका प्रधिकारियों का पूरी तरह से हटना
- ✓ B. अनुच्छेद 21 के अंतर्गत सार्वजनिक सुरक्षा का संरक्षण और जीवन के अधिकार की गारंटी
- ✗ C. सभी सार्वजनिक और संस्थागत स्थानों में आवारा पशुओं को बिना प्रतिबंधन के पुनः मुक्त करना
- ✗ D. निजी क्षेत्र की शहरी विकास परियोजनाओं के माध्यम से वाणिज्यिक पशु आश्रयों का विस्तार

Q.88 मई 2026 में, "शिक्षा के क्षेत्र में जैन समुदाय का योगदान" शीर्षक वाली अध्ययन रिपोर्ट भारत सरकार के किस संगठन द्वारा जारी की गई थी?

Ans
- ✗ A. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
- ✗ B. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
- ✗ C. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
- ✓ D. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

Q.89 जनवरी 2026 में प्रकाशित "विजिल" उपन्यास, किस बुकर प्राइज विजेता लेखक द्वारा लिखा गया है जो "लिंकन इन द बार्डो" के लिए प्रसिद्ध है?

Ans
- ✗ A. काज़ुओ इशिगुरो (Kazuo Ishiguro)
- ✗ B. कोलसन व्हाइटहेड (Colson Whitehead)
- ✓ C. जॉर्ज सॉन्डर्स (George Saunders)
- ✗ D. डगलस स्टुअर्ट (Douglas Stuart)

Q.90 29 जनवरी 2026 को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 किसने प्रस्तुत किया था?

Ans
- ✓ A. निर्मला सीतारमण
- ✗ B. वी. अनंत नागेश्वरन
- ✗ C. अमित शाह
- ✗ D. नरेंद्र मोदी

Q.91 अप्रैल 2026 में, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (GPDPs) को "हरित" बनाने के उद्देश्य से पांच वर्षीय जैव विविधता शासन परियोजना की शुरुआत की। यह पहल सर्वाधिक प्रत्यक्ष रूप से किस SDG से संबद्ध है?

Ans
- ✗ A. SDG 8 – सभ्य कार्य और आर्थिक विकास
- ✗ B. SDG 7 – किफायती और स्वच्छ ऊर्जा
- ✗ C. SDG 2 – शून्य भुखमरी
- ✓ D. SDG 15 – भूमि पर जीवन

Q.92 G-RAM G योजना 2025, प्रति ग्रामीण परिवार को वर्ष में कितने दिनों के वैतनिक रोजगार की गारंटी देती है?

Ans
- ✓ A. 125 दिनों के वैतनिक रोजगार
- ✗ B. 150 दिनों के वैतनिक रोजगार
- ✗ C. 100 दिनों के वैतनिक रोजगार
- ✗ D. 120 दिनों के वैतनिक रोजगार

Q.93 3 मार्च 2026 को विश्व स्तर पर मनाए गए संयुक्त राष्ट्र (UN) विश्व वन्यजीव दिवस की आधिकारिक थीम क्या घोषित की गई थी?

Ans
- ✗ A. वन और आजीविका: लोगों और ग्रह को कायम रखना
- ✗ B. जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन: वैश्विक कार्रवाई
- ✓ C. औषधीय और सुगंधित पौधे: स्वास्थ्य, विरासत और आजीविका का संरक्षण
- ✗ D. वन्यजीव संरक्षण वित्त: लोगों और पृथ्वी के लिए निवेश

Adda247

Test Prime By Adda247

# PREVIOUS YEAR PAPERS PDF


PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.




Topic-wise & Exam-wise PDFs

Download & Study Offline

Attempt as Mock & Track Score

Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD TEST PRIME


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVILI)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

| | |
|---|---|
| Q.94 | मई 2026 के राष्ट्रव्यापी आपदा अभ्यास के दौरान, भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) ने एक ऐसी नई प्रणाली का परीक्षण किया जो पारंपरिक SMS या इंटरनेट कनेक्टिविटी पर निर्भर हुए बिना, प्रत्यक्ष रूप से मोबाइल उपकरणों पर न चूकने योग्य, क्षेत्र-विशिष्ट अलर्ट भेजती है। कौन-सा प्रौद्योगिकी ढांचा इस सहकालिक, क्षेत्र-व्यापी संचरण को सक्षम बनाता है? |
| Ans | ✗ A. शॉर्ट मैसेज पीयर प्रोटोकॉल<br>✓ B. सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम<br>✗ C. ऑप्टिकल फ़ाइबर मल्टी-कास्टिंग<br>✗ D. सैटेलाइट डायरेक्ट फ़्रीक्वेंसी |

| | |
|---|---|
| Q.95 | 2026 में कर्तव्य पथ पर 77वें गणतंत्र दिवस परेड के दौरान, निम्नलिखित में से कौन-सी प्रणाली, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा प्रदर्शित की गई थी? |
| Ans | ✓ A. लॉन्ग रेंज एंटी-शिप हाइपरसोनिक मिसाइल<br>✗ B. अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल<br>✗ C. शॉर्ट रेंज एंटी-टैंक मिसाइल<br>✗ D. पनडुब्बियों के लिए एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन सिस्टम |

| | |
|---|---|
| Q.96 | 2025 में, सर्वोच्च न्यायालय ने भारत निर्वाचन आयोग (ECI) को बिहार की संशोधित मतदाता सूची में शामिल करने के लिए किस नए पहचान पत्र को स्वीकार करने का निर्देश दिया है? |
| Ans | ✗ A. पासपोर्ट<br>✗ B. ड्राइविंग लाइसेंस<br>✗ C. राशन कार्ड<br>✓ D. आधार कार्ड |

| | |
|---|---|
| Q.97 | नॉन-फिक्शन पुस्तक "इंडिया एंड हर फ्यूचर्स (India and Her Futures)" किसने लिखी है, जिसका विमोचन मार्च 2026 में राज्यसभा सांसद कमल हासन ने किया था? |
| Ans | ✗ A. नरेंद्र मोदी<br>✓ B. गोपालकृष्ण गांधी<br>✗ C. रामनाथ कोविंद<br>✗ D. राहुल गांधी |

| | |
|---|---|
| Q.98 | बोस्टन में आयोजित 2026 सीज़न की पहली वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर गोल्ड (World Athletics Indoor Tour Gold) मीटिंग, न्यू बैलेंस इंडोर ग्रैंड प्रिक्स (New Balance Indoor Grand Prix) में, किस एथलीट ने केनेनिसा बेकेले के लंबे समय से चले आ रहे पुरुषों के इंडोर 2,000 मीटर विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा? |
| Ans | ✗ A. कोल हॉकर (Cole Hocker)<br>✗ B. डेविस बोवे (Davis Bove)<br>✓ C. हॉब्स केसलर (Hobbs Kessler)<br>✗ D. ग्रांट फिशर (Grant Fisher) |

| | |
|---|---|
| Q.99 | 2026 में किस प्रसिद्ध पार्श्व गायिका को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया? |
| Ans | ✗ A. स्वतंत्र सिनेमा गीतों में योगदान के लिए सुनिधि चौहान<br>✗ B. शास्त्रीय संलयन संगीत में योगदान के लिए श्रेया घोषाल<br>✗ C. देशभक्तिपूर्ण रचनाओं में योगदान के लिए कविता कृष्णमूर्ति<br>✓ D. कला के क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए अलका याग्निक |

| | |
|---|---|
| Q.100 | फरवरी 2026 में, किस संस्थान ने एक-सींग वाले गैंडे के आवास के क्रमिक विकास का पता लगाने के लिए, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की आर्द्रभूमियों से परागों का उपयोग करके पुरापरिस्थितिक शोध का संचालन किया? |
| Ans | ✗ A. वाडिया हिमालयी भूविज्ञान संस्थान<br>✓ B. बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान<br>✗ C. भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान<br>✗ D. भारतीय प्राणी सर्वेक्षण |